राजकीय महाविद्यालय केकड़ी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च-शिक्षक अभिभावक संवाद कार्यक्रम

राजकीय महाविद्यालय केकड़ी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को शिक्षक अभिभावक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी संकायों के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है। विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य श्री पीयूष कुमार गुप्ता ने बताया कि अभिभावक शिक्षकों से वार्ता कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक और सह शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करेंगे। महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड ,विज्ञान क्लब, महिला प्रकोष्ठ इत्यादि मंचों के माध्यम से होने वाले कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सहभागिता एवं गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। पाठ्यक्रम ,परीक्षाएं एवं कक्षाओं संबंधी विद्यार्थियों की कठिनाइयों पर भी बात होगी।

महिला विकास
8 मार्च, 2021
राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला अध्ययन